सुविचार

श्रद्धा और विश्वास ऐसी जड़ी बूटियां हैं कि जो एक बार घोल कर पी लेता है वह चाहने पर मृत्यु को भी पीछे धकेल देता है। - अमृतलाल नागर


# अमृत विचार

बरेली महानगर

www.amritvichar.com


## बरेली के प्रमुख समाचार


- कुकर्म के आरोपी ने इंस्पेक्टर व मुंशी की वर्दी फाड़ी, की मारपीट -II
- एसआईआर: शिक्षकों-कर्मचारियों को मूल कार्य से राहत -III
- मातृभूमि के प्रति प्रेम और सम्मान को दर्शाता है वंदे मातरम् -IV


बरेली , शनिवार,8 नवंबर 2025

## सिटी ब्रीफ

### नोटिस का खौफ, 10 आवास हुए खाली

**बरेली, अमृत विचार** : नगर निगम के अंतरिम नोटिस के बाद डेलापीर और कोहाड़ापीर में सरकारी जगह पर बने अवैध आवास खाली हो रहे हैं। अब तक 10 से अधिक आवास खाली हो गए हैं। इन आवासों में रहने वाले लोगों निगम के साथ ही शासन तक पत्र देकर नगर निगम की कार्रवाई रुकवाने को गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है, जिसके चलते अब आवास खाली करना ही लोगों की मजबूरी बन गया है। दरअसल, बीते दिनों शहर में हुए बवाल के बाद निगम ने कोहाड़ापीर इलाके में सरकारी स्कूल की भूमि पर कब्जा कर बने आवास और डेलापीर स्थित तालाब की भूमि पर बने कुल 34 आवासों पर अंतरिम नोटिस भेजे थे। वहीं तय समय सीमा में आवास खाली करने को कहा गया है। वहीं आगामी सप्ताह के अंत तक ये समय सीमा समाप्त हो रही है। जिसके बाद निगम कार्रवाई करेगा।

### बजरंग दल सह संयोजक पर दो बार 10-10 हजार जुर्माना

**बरेली, अमृत विचार** : विहिप के महानगर मंत्री संजय शुक्ला ने डीएम को बताया कि गंदगी के नाम पर नगर आयुक्त ने बजरंग दल प्रखंड सह संयोजक का दो बार 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया और कई छोटे दुकानदारों पर बहुत बड़ा जुर्माना लगाया है। वहीं, पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय के गेट पर गोल चक्कर में बहुत गंदगी पड़ी थी, जिसे बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने साफ किया और नगर आयुक्त को यह संदेश देने का प्रयास किया कि सिर्फ गरीब दुकानदारों पर जुर्माना लगाने से ही सुधार नहीं होने वाला, इसके लिए थोड़ा मानवीय भी होना होगा।

### पहले भी निगम बन चुका है अखाड़ा

**बरेली, अमृत विचार** : नगर आयुक्त कार्यालय के बाहर हंगामा और प्रदर्शन का ये पहला मामला नहीं है। इससे पूर्व भी तत्कालीन नगर आयुक्त सैमुअल पॉल एन. के कार्यकाल के दौरान मांगों को लेकर पार्षदों ने भारी हंगामा किया था वहीं निधि गुप्ता वत्स के कार्यकाल में भी ठेकेदारों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया था।

# कर्मचारियों ने निगम गेट पर खड़े किए वाहन, हड़ताल का ऐलान

## एबीवीपी के हंगामे के बाद नगर निगम कर्मचारी यूनियन ने भी खोला मोर्चा, छात्र नेताओं पर लगाया अभद्रता का आरोप, रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : नगर निगम परिसर में एबीवीपी कार्यकर्ताओं के शुक्रवार को हंगामे के बाद से निगम कर्मचारियों में भारी रोष है। निगम कर्मियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल के ऐलान के बाद मुख्य द्वार पर वाहन खड़े कर दिए। निगम कर्मचारियों ने छात्र नेताओं पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए घटना का जमकर विरोध किया। निगम कर्मचारियों ने ऐलान किया है कि शनिवार से शहर की सफाई व्यवस्था को ठप रखा जाएगा। उधर, निगम के स्वास्थ्य विभाग के लिपिक ने एबीवीपी नेताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है।

एबीवीपी के नेताओं के हंगामे के बाद नगर निगम कर्मचारी यूनियन ने भी एबीवीपी कार्यकर्ताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। एबीवीपी कार्यकर्ता जैसे ही निगम कार्यालय से बाहर निकले वैसे ही नगर निगम कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों ने एकत्र होकर अनिश्चित कालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया। इस संबंध में नगर निगम कर्मचारी नेता राजकुमार समदर्शी ने बताया कि जिस प्रकार से नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ अभद्रता की गई है। इसके विरोध में अनिश्चिकालीन हड़ताल रहेगी। वहीं शनिवार से शहर में किसी भी प्रकार का सफाई कार्य नहीं किया जाएगा।

उधर, निगम के स्वास्थ्य विभाग के लिपिक राजकुमार समदर्शी ने थाना कोतवाली में तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि 7 नवंबर को करीब 12 बजे बरेली कॉलेज के कुछ छात्र, एक छात्रा और करीब 50 से अधिक असामाजिक तत्व नगर निगम कार्यालय पहुंचे। बिना किसी औपचारिकता के उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी। जब कर्मचारियों ने पूछताछ की, तो उन्होंने अभद्रता और बदतमीजी करनी शुरू कर दी।

नगर निगम में नगर आयुक्त कार्यालय के बाहर जमीन पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करते एबीवीपी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार







नगर निगम में विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

जेसीबी लगाकर नगर निगम का मेन गेट किया बंद।

> कुछ लोग कार्यालय में आए थे, उन्होंने हंगामा करने के साथ ही अभद्रता की। जिन लोगों ने हंगामा किया, वह लोग कार्यक्रम कराने के लिए ऑडिटोरियम निशुल्क चाह रहे थे, लेकिन नियमानुसार उसका शुल्क लिया गया। हंगामा और अभद्रता करने वालों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।
> – **संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त

### एक्सईएन और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी बहस

कार्यालय के अंदर एबीवीपी कार्यकर्ता नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से शिकायत कर रहे थे। कार्यकर्ताओं कहना था कि बरेली कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में गंदगी फैली हुई है। यहां रोशनी की व्यवस्था तक नहीं है, जबकि कॉलेज प्रबंधन नगर निगम को टैक्स देता है। इसी बीच कार्यकर्ताओं ने नगर आयुक्त की मेज पर तेजी से हाथ मारा जिस पर कार्यालय में उपस्थित एक्सईएन राजीव कुमार राठी ने कार्यकर्ताओं से मर्यादित तरीके से शिकायत करने की बात कही। इस पर कार्यकर्ताओं और एक्सईएन के बीच तीखी बहस हुई और कार्यकर्ता कार्यालय से बाहर आकर जमीन पर बैठकर नारेबाजी करने लगे।

### शराब के नशे में आते हैं कर्मचारी, की अभद्रता

एबीवीपी कार्यकर्ता जिस समय नगर आयुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी बीच शोर-शराबे के चलते एक निगम कर्मचारी कार्यकर्ताओं को समझाने पहुंचा तो कार्यकर्ताओं से उसकी नोकझोंक होने लगी। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि ये कर्मचारी शराब के नशे है। इसका मेडिकल परीक्षण कराया जाए। हंगामा बढ़ते देख कर्मचारी वहां से फरार हो गया।

### गाड़ी पर चढ़े कार्यकर्ता, पैदल निकल गए नगर आयुक्त

विवाद बढ़ने पर नगर आयुक्त कार्यालय से बाहर निकले तो कार्यकर्ताओं ने उनका घेराव कर लिया। जैसे ही नगर आयुक्त ने सरकारी वाहन में बैठने का प्रयास किया, कार्यकर्ताओं ने वाहन को आगे से घेर लिया। इस पर नगर आयुक्त पैदल ही अपने आवास की ओर निकल गए। उनके जाने के बाद चालक ने वाहन निगम के मुख्य द्वार की तरफ बढ़ाया तो कार्यकर्ता वाहन के बोनट पर चढ़ गए। इसके बाद चालक ने वाहन को वहीं खड़ा कर दिया।

### आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर दिया धरना

**बरेली, अमृत विचार** : : नगर निगम में अभद्रता और हाथापाई होने से आक्रोशित अभाविप और विहिप के प्रमुख पदाधिकारी और दर्जनों कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट गेट पहुंचे और नगर आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। अभाविप के विभाग संगठन मंत्री अवनी यादव, श्रेयांश वाजपेयी, आर्यन चौधरी ने नगर आयुक्त के विरुद्ध नारे लगाए। निगम में भ्रष्टाचार का बोलबाला बताते हुए जमकर नारेबाजी की। करीब पौन घंटे तक कलेक्ट्रेट गेट पर धरना प्रदर्शन हुआ। संघ, विहिप और अभाविप के प्रमुख पदाधिकारियों से बात करने के बाद डीएम ने कलेक्ट्रेट गेट पर धरना दे रहे अभाविप के सभी कार्यकर्ताओं को नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री को भेजकर सभागार बुलवाया। डीएम के बुलाने पर सभी कार्यकर्ता धरने से उठकर सभागार गए। डीएम ने प्रत्येक कार्यकर्ता की बात सुनी।

# 69 हजार लेकर एक घंटे पहले बिजली काट दी, रसीद भी नहीं दी

- डीएम से मिलकर संघ, विहिप और अभाविप नेताओं ने निगम के अफसरों पर लगाए गंभीर

**बरेली, अमृत विचार** : नगर निगम में हंगामा और हाथापाई के बाद नाराज राष्ट्रीय स्वयं संघ, विहिप, अभाविप के प्रमुख पदाधिकारियों ने डीएम से मिलकर नगर निगम के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। शिकायती पत्र देकर अराजकता फैलाने वाले और अभद्रता करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। नगर निगम में हुए घटनाक्रम के बाद राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के महानगर प्रचारक मयंक साधु, विहिप के विभाग संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह सोम, विहिप के महानगर अध्यक्ष विहिप आशू अग्रवाल, महानगर मंत्री संजय शुक्ला, अभाविप के विभाग संगठन मंत्री अवनी यादव, श्रेयांश वाजपेयी, आर्यन चौधरी, राजकुमार राजपूत, नीरज चौरसिया ने गुरुवार दोपहर कलेक्ट्रेट में डीएम अविनाश सिंह से उनके



कक्ष में करीब 20 मिनट बातचीत की और पूरा घटनाक्रम बताया। डीएम को सौंपी शिकायत में पदाधिकारियों ने बताया कि 6 नवंबर को अभाविप का छात्रा सम्मेलन जीआईसी ऑडिटोरियम में हुआ। नगर निगम ने इसका 62000 रुपये किराया लिया। आरोप लगाया कि पहले जेनरेटर का डीजल 20 लीटर घंटा लिया जाता था, लेकिन इस बार हम लोगों से 50 लीटर प्रति घंटा डीजल लिया गया। कार्यक्रम से एक घंटे पहले ही बिजली बंद करने और कर्मचारियों द्वारा बाहर से गेट बंद कर दिया। 69 हजार रुपये की राशि की कोई रसीद नहीं दी गई। इन्हीं मुद्दों को लेकर विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी दोपहर में नगर आयुक्त से मिलने के लिए उनके कार्यालय में ज्ञापन के साथ पहुंचे थे। बातचीत के मध्य नगर निगम के कर्मचारी और नगर आयुक्त का ड्राइवर कार्यकर्ताओं से धक्का-मुक्की करने लगा। कार्यकर्ताओं को कार्यालय से बाहर खदेड़ते हुए मारपीट कर दी, जिससे दो-तीन कार्यकर्ताओं के खून निकल आया। बाद विहिप के विभाग संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह सोम नगर निगम पहुंचे और नगर आयुक्त से बात की, उनसे आज काटी गई रसीद को बाहर आकर कार्यकर्ताओं को देने का आग्रह किया। इस पर नगर आयुक्त ने मना कर दिया कि वह रसीद देने बाहर नहीं जाएंगे और कार्यालय से उठकर चले गए। पदाधिकारियों ने डीएम से नगर आयुक्त के कार्यालय में अराजकता करने वाले कर्मचारियों और अभाविप कार्यकर्ताओं से अभद्रता करने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। डीएम ने पूरा घटनाक्रम जानने के बाद प्रकरण की जांच कराने और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

# रेल-ग्राहक साझेदारी को मजबूत करने पर जोर

**बरेली, अमृत विचार** : इज्जतनगर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग की ओर से शुक्रवार को व्यापार विकास बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा ने की। इसमें मंडल के अंतर्गत उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड क्षेत्र के प्रमुख माल ग्राहकों ने भाग लेकर रेलवे के साथ अपने सहयोग को और सशक्त करने पर जोर दिया।

मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि भारतीय रेल माल परिवहन को कुशल, त्वरित और लाभप्रद बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने मंडल के विभिन्न माल गोदामों में उपलब्ध लोडिंग अवसरों की जानकारी दी और ग्राहकों से रेलवे के साथ अधिकतम लोडिंग के लिए प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने कहा कि ग्राहकों द्वारा दिए गए सभी सुझावों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रेलवे और व्यापार जगत के बीच बेहतर समन्वय से माल परिवहन प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा। बैठक में उपस्थित उद्योग प्रतिनिधियों ने रेलवे से संबंधित विभिन्न ऑपरेशनल और लॉजिस्टिक मुद्दों पर सुझाव दिए। इनमें प्रमुख रूप से एनएमजी रैक्स की समय पर उपलब्धता और पारगमन समय कम करने से संबंधित विषय शामिल रहे।

बैठक में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) भारत भूषण, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (द्वितीय) अरिजित सिंह और मंडल परिचालन प्रबंधक जगदीप सहित कई रेल अधिकारी मौजूद रहे। माल ग्राहकों की ओर से एफसीआई उत्तर प्रदेश से डीजीएम (मूवमेंट) प्रेमचंद, एजीएम पंकज पांडे, डिविजनल मैनेजर सुमित शर्मा, मैनेजर हिमांशु गुप्ता व एस.एन. पांडे शामिल हुए।

# लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस आज से चलेगी

**बरेली, अमृत विचार**: लखनऊ-सहारनपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। ट्रेन लखनऊ से सीतापुर होते हुए शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद और रुड़की स्टेशनों पर पहुंचेगी, जहां इसका भव्य स्वागत किया जाएगा।

उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता के अनुसार ट्रेन शाहजहांपुर स्टेशन पर सुबह 09:30 बजे, बरेली जंक्शन पर 10:30 बजे, मुरादाबाद स्टेशन पर 11:30 बजे, नजीबाबाद स्टेशन पर 12:30 बजे और रुड़की स्टेशन पर दोपहर 1:40 बजे वंदे भारत एक्सप्रेस पहुंचेगी। ट्रेन के प्रथम आगमन पर बरेली समेत सभी स्टेशनों पर देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# लाउडस्पीकर हटाने का आज से तीन दिन चलेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 10 नवंबर तक सभी धार्मिक स्थलों पर दस्तक देगी पुलिस
- पूर्व में हटाए गए लाउडस्पीकर मिले तो होगी कार्रवाई

**अमृत विचार** : जिले में धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर लगे अवैध लाउडस्पीकरों व ध्वनि प्रसारित करने वाले यंत्रों के खिलाफ तीन दिवसीय अभियान चलाया जाएगा।

अभियान 8 नवंबर को शुरू होकर 10 नवंबर को समाप्त होगा। इन तीन दिनों में पुलिस सभी धार्मिक स्थलों पर दस्तक देगी। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि मुख्यालय से पूरे प्रदेश में तीन दिन का अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके मद्देनजर जिले में तीन दिवसीय अभियान चलाया जाएगा।

इसके लिए सभी अधिकारियों और थाना प्रभारियों को भी निर्देशित कर दिया गया है। पुलिस टीम अभियान के तहत सभी धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर लगे अवैध लाउडस्पीकर समेत ध्वनि प्रसारित करने वाले यंत्रों की जांच करेगी। इस दौरान अगर निर्धारित मानक से अधिक ध्वनि में लाउडस्पीकर बजाए जाने की पुष्टि होगी तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

इतना ही नहीं अगर किसी धार्मिक स्थल और सार्वजनिक स्थानों से पूर्व में हटाए गए लाउडस्पीकर अगर दोबारा से लगाए गए होंगे तो इसे तत्काल प्रभाव से हटवाया जाएगा। लाउडस्पीकर की ध्वनि मानक के अनुसार तीव्रता कम करने समेत रात 10 बजे के बाद कोई भी लाउडस्पीकर बजने नहीं दिया जाएगा। पुलिस टीम पूरी तरह से अलर्ट है।

# वनखंडी नाथ मंदिर का 5.82 करोड़ रुपये से जल्द होगा कायाकल्प

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर निगम से मिली एनओसी ओपन थिएटर वैदिक लाइब्रेरी और नई दुकानें बनेंगी
- नाथ कॉरिडोर परियोजना के तहत शहर में नाथ मंदिरों को चल रहा संवारने का काम

**अमृत विचार**: जमीन की अड़चन के फेर में फंसा बाबा वनखंडीनाथ मंदिर भक्तों को जल्द ही नए रूप में नजर आएगा। नगर निगम से एनओसी मिलने पर पर्यटन विभाग जल्द काम शुरू कराने की तैयारी में है। विभाग ने इस मंदिर के लिए 5.82 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

जानकारी के मुताबिक नाथ कॉरिडोर परियोजना के तहत शहर के सभी नाथ मंदिरों को संवारने का काम किया जा रहा है। इसके लिए बजट मिल चुका है। परियोजना के तहत ही मंदिर में कई महत्वपूर्ण कार्य प्रस्तावित हैं। इनमें मंदिर में परिसर में फूल और प्रसाद के लिए नई दुकानें, वैदिक लाइब्रेरी बनाने के साथ ही प्रवेश द्वार आकर्षक बनाया जाना है।

इसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए सुव्यवस्थित आश्रय स्थल, आरामदायक बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ और सुलभ पेयजल की सुविधा, मंदिर के इतिहास और महत्व को दर्शाने वाले जानकारी पूर्ण बोर्ड और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रकाश व्यवस्था आदि शामिल हैं।

उप निदेशक पर्यटन रविंद्र कुमार ने बताया कि वनखंडीनाथ मंदिर के आसपास नगर निगम की जमीन परियोजना में बाधा बनी थी, जिसके चलते टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी काम शुरू नहीं किया जा सका था। बीते दिनों नगर निगम की बोर्ड बैठक में मेयर के सामने इसका प्रस्ताव रखा था। जिसके बाद शीघ्र ही जमीन की अड़चन दूर करते हुए एनओसी देने की सहमति दी थी। कहा कि गुरुवार को नगर निगम से एनओसी मिलने के बाद जमीन की अड़चन दूर होते ही काम शुरू कराने की तैयारी चल रही है।

वनखंडीनाथ मंदिर।

# पहल : शहर के 14 वार्डों में स्थापित हुईं कंपोस्ट यूनिट, बनेगी खाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर निगम जीरो वेस्ट मॉडल के आधार पर 80 वार्डों में स्थापित करेगा यूनिट
- पहले चरण में 14 वार्डों में यूनिट स्थापित, गीले और सूखे कचरे से बनेगी खाद

**अमृत विचार** : नगर निगम लगातार शहर को स्मार्ट सिटी के पायदान पर अव्वल ले जाने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में अब शहर से निकलने वाले कचरे से खाद बनाई जाएगी। इसकी तैयारी निगम ने आरंभ कर दी है। इसको लेकर सभी 80 वार्डों में कंपोस्ट यूनिट लगाई जाएंगी। जीरो वेस्ट मॉडल के तहत निगम ये पहल कर रहा है।

निगम अधिकारियों के अनुसार, वार्डों में गीले और सूखे कचरे से कंपोस्ट खाद तैयार करने की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए नाथ कॉरिडोर सीमा के अंदर आने वाले वार्डों में कंपोस्ट यूनिट स्थापित की गई हैं। बाकी वार्डों में भी चरणबद्ध तरीके से यूनिट लगाई जाएंगी, ताकि शहर में कहीं भी कचरा बाहर न भेजना पड़े। दरअसल, बीते साल दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में देश के 100 नगर निगमों ने भाग लिया था। इस कार्यक्रम में ही जीरो वेस्ट मॉडल को लेकर ये कचरे से खाद बनाने का प्रशिक्षण अधिकारियों को दिया गया था।

इसके चलते नगर निगम ने यूनिट स्थापित करने का कार्य आरंभ कर दिया है। 14 वार्डों के साथ ही अन्य वार्डों में भी यूनिट स्थापित करने का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

> वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड के रूप में विकसित करने पर काम किया जा रहा है, इसके लिए प्लानिंग शुरू कर दी गई है। कुछ वार्डों में यूनिट स्थापित कर दी गई हैं।
> – संजीव कुमार मौर्य, नगर आयुक्त

# दीक्षांत समारोह पर ब्लॉकचेन-सुरक्षित डिग्री जारी करेगा रुविवि

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- यूपी का पहला गैर-तकनीकी विश्वविद्यालय होगा ऐसा करने वाला

**अमृत विचार**: रुहेलखंड विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह में ब्लॉकचेन-सुरक्षित डिजिटल डिग्री जारी करेगा और इस पहल के साथ यूपी का पहला पहला गैर-तकनीकी विश्वविद्यालय बन जाएगा। यह परियोजना टू स्कॉलर के तकनीकी सहयोग से लागू की जा रही है।

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि ब्लॉकचेन आधारित डिजिटल क्रेडेंशियल्स हमारी डिग्रियों को वैश्विक स्तर पर भरोसेमंद बनाते हैं। यह कदम छात्रों, नियोक्ताओं और अकादमिक संस्थानों सभी के लिए पारदर्शिता, गति और सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। हम बरेली और अपने सभी संबद्ध महाविद्यालयों को ग्लोबल टेक एडॉप्शन की मुख्यधारा में ला रहे हैं। नई व्यवस्था में प्रत्येक डिग्री डिजिटल हस्ताक्षर सहित ब्लॉकचेन पर एंकर होगी, जिससे रिकॉर्ड अपरिवर्तनीय रहेगा। प्रमाणपत्र के साथ उपलब्ध क्यूआर कोड द्वारा नियोक्ता, विश्वविद्यालय, दूतावास और सरकारी एजेंसियां सेकंडों में ऑनलाइन सत्यापन कर सकेंगी। स्नातकों को उनकी डिग्री ट्रूस्कॉलर के सुरक्षित डिजिटल वॉलेट में मिलेगी, साथ ही साझा करने के लिए डाउनलोड योग्य प्रति भी उपलब्ध होगी।

यह पहल डिजीलॉकर, एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स, और नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों विश्वसनीय, पोर्टेबल और विद्यार्थी-केंद्रित शैक्षिक रिकॉर्ड के अनुरूप है। विशेष रूप से आस-पास के छोटे शहरों व कस्बों के विद्यार्थियों को अब कागजी प्रक्रियाओं, डाक, यात्रा और लंबी प्रतीक्षा से मुक्ति मिलेगी और इससे रोजगार, उच्च शिक्षा, छात्रवृत्ति और वीजा से जुड़े सत्यापन अब तेज और सरल होंगे। समारोह के दिन स्नातकों को एसएमएस और ईमेल के जरिए वॉलेट एक्सेस के स्टेप-बाय-स्टेप निर्देश भेजे जाएंगे। विश्वविद्यालय ने स्थल पर और ऑनलाइन हेल्पडेस्क की व्यवस्था की है। ट्रूस्कॉलर टीम द्वारा नोडल अधिकारियों और कॉलेज आईटी और परीक्षा प्रकोष्ठ को सूक्ष्म प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि छात्रों के अनुरोध, री-इश्यू और संस्था-से-संस्था सत्यापन जैसे कार्य बिना विलंब के हो सकें। डेटा सुरक्षा और गोपनीयता के मानकों का पालन प्राथमिकता से किया जाएगा। छात्र केवल क्यूआर स्कैन से अपनी उपलब्धि की प्रामाणिकता दिखा सकेंगे, जबकि उनकी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रहेगी।



### आईआईटी रोपण के डायरेक्टर होंगे दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि इस बार आईआईटी रोपण, पंजाब के डायरेक्टर प्रो. राजीव अहूजा होंगे। शुक्रवार को मुख्य अतिथि के नाम तय हो गया। इसके अलावा कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि भी अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

हर तरफ से निराश गुप्त रोगी मिलें
SEXOLOGIST
बचपन की गलतियां
आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त
ताकत व रुकावट
प्राप्त करें
शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
डायबिटीज

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीध्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीध्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, घात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

YouTube पर Search करें
डा. शेख
भारत प्रसिद्ध
Best Sexologist in india आयुर्वेदा
मिलें हर मंगलवार
ईसाईयों की पुलिया
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

गुप्त रोगी मिलें

हकीम जहीर अहमद
(क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार
रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

## सिटी ब्रीफ

### घर में चोरी करने वाला गिरफ्तार नकदी बरामद

**बरेली, अमृत विचार** : बारादरी थाना पुलिस ने परिचित के घर में घुस कर चोरी करने वाले एक चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोर से पुलिस ने चोरी के 41200 रुपये और कागजात बरामद किए हैं। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी चोर सहसवानी टोला निवासी सालिम अंसारी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि 5 नवंबर को नवादा शेखान निवासी मुन्तियाज ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने गुरुवार रात आरोपी सालिम अंसारी को सेटेलाइट बस डिपो के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह इनके घर आता-जाता रहता था। उसे इस बात की जानकारी थी कि उनके घर में रुपये रहते हैं। जिसके कारण वह लालच में आ गया और परिवार के लोग दावत में गये थे, उसी दिन उसने चोरी कर ली।

### गांजा पीने से मना किया तो पीटा

**बरेली, अमृत विचार** : सुभाषनगर थाना क्षेत्र में बाजार जा रहे युवक ने घर के पास खडे. तीन युवकों को गांजा और चरस पीने से मना किया तो युवकों ने उस पर हमला कर दिया। सिर पर डंडा मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गंगानगर कालोनी निवासी लालू यादव ने बताया कि वह गुरुवार को करगैना बाजार जा रहे थे। आरोप है कि घर के पास संजय वाल्मीकि, अर्जुन दिवाकर और बाबू खडे.थे। तीनों वहां पर शराब, गांजा और चरस पी रहे थे। लगातार इलाके में चोरी होने की बात कहकर उन्होंने तीनों के खडे.होने का विरोध किया। इस पर तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और सिर पर डंडा मार दिया।

# कुकर्म के आरोपी ने इंस्पेक्टर व मुंशी की वर्दी फाड़ी, की मारपीट

## गिरफ्तारी के बाद थाने में तलाशी के दौरान फोन पर बात कर रहा था आरोपी सेवानिवृत्त फौजी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सुभाषनगर थाना परिसर का मामला, मालखाना मुंशी के टोकने पर कर दी उसके साथ की मारपीट
- बचाने आए इंस्पेक्टर संग मारपीट करते हुए वर्दी फाड़ी बिल्ले भी नोचे, पुलिस ने दर्ज किया एक और मुकदमा

गिरफ्तार आरोपी।

**अमृत विचार** : सुभाषनगर पुलिस कुकर्म के मामले में वांछित चल रहे सेवानिवृत्त फौजी को गिरफ्तार कर थाने लेकर आई। जहां पर आरोपी फोन पर बात कर रहा था। फोन पर बात करने पर मालखाना प्रभारी ने टोका तो उसने वर्दी फाड़ते हुए हमला कर दिया। प्रभारी निरीक्षक बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट कर उनकी भी वर्दी फाड़ते हुए उनके बिल्ले नोच लिए। आरोपी के खिलाफ मालखाना मुंशी ने एक और रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

थाना क्षेत्र के शांति विहार होली चौक निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका परिवार शांति विहार स्थिति एक मकान में किराये पर रहता है। उस मकान के मालिक गंगापुरी गोस्वामी हैं। आरोप है कि वहां पर उसके पति काम करते थे, जबकि उसका एक किशोर बेटा भी उनके साथ रहता है। पांच नवंबर को गंगापुरी ने उसके बेटे के साथ कुकर्म किया। साथ ही आए दिन उसके साथ गलत काम करते हुए अश्लील बातें करते थे। बेटे ने अपनी मां को पूरी बात बताई थीं।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी। सुभाषनगर थाने के मालखाना प्रभारी दीपक शर्मा के मुताबिक बृहस्पतिवार को वह थाना कार्यालय पर मौजूद थे। दोपहर के समय पुलिस टीम पॉक्सो एक्ट के आरोपी गंगापुरी गोस्वामी को गिरफ्तार कर थाने लायी थी। थाने के संतरी के सामने गंगापुरी की तलाशी ली जा रही थी। तलाशी के दौरान गंगापुरी फोन पर बात कर रहा था। दीपक शर्मा ने फोन पर बात करने से मना किया और फोन जमा करने को कहा। इस पर गंगापुरी ने गालियां दीं और मालखाना प्रभारी दीपक शर्मा का गिरेबान पकड़कर मारपीट करने लगा।

आरोप है कि शोर सुनकर कार्यालय से निकलकर प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भी वहां आ गए। जितेन्द्र सिंह ने समझाने का प्रयास किया तो उनके साथ हाथापाई कर शर्ट होल्डर नोच दिया। आरोपी को इंस्पेक्टर पर हमलावर देखकर थाने में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस कर्मियों ने किसी तरह से आरोपी को पकड़कर शांत कराया। इसके बाद मालखाना मुंशी की ओर से पॉक्सो एक्ट के आरोपी के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## रिश्वत लेने वाला पेशकार भेजा गया जेल

**बरेली, अमृत विचार** : जमीन की दाखिल खारिज करने की बदले में 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते समय गिरफ्तार चकबंदी अधिकारी कार्यालय फरीदपुर में तैनात पेशकार मुरादाबाद के ग्राम रूपपुर टंडौला निवासी रजत चौधरी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी ने पीड़ित से कहा था कि बिना रुपये दिए हरगिज काम नहीं होगा।

भ्रष्टाचार निवारण संगठन इंस्पेक्टर प्रवीण सान्याल ने बताया कि फरीदपुर तहसील के ग्राम पदारथपुर निवासी मोहम्मद आदिल ने शिकायत की थी। आरोप था कि उन्हें दान में मिली हुई जमीन का दाखिल-खारिज कराना थ, जिसे लेकर फरीदपुर चकबंदी अधिकारी के कार्यालय में तैनात कनिष्ठ सहायक (पेशकार) रजत चौधरी से मिले। गुरुवार की दोपहर पीड़ित 15 हजार रुपये लेकर पेशकार रजत चौधरी को उनके कार्यालय में देने गया और टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# तौकीर की जमानत अर्जी सेशन कोर्ट ने की खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली:** 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद शहर में हुए बवाल, पुलिस पर जानलेवा हमले के मामले में शुक्रवार को आईएमसी मुखिया मौलाना तौकीर रजा की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश अमृता शुक्ला ने खारिज कर दी। इस मामले में कोतवाली, किला, बारादरी थानों में तकरीबन 12 मुकदमे दर्ज हुए थे।

बारादरी थाने में दर्ज मुकदमे में प्रभारी निरीक्षक धनंजय पाण्डेय ने रिपोर्ट दर्ज की थी कि सैलानी रो से होते हुए शहामतगंज चौराहे की तरफ 200-250 की संख्या में इस्लामिया ग्राउंड जा रहे लोग आपत्तिजनक नारे लगा रहे थे। जब रोक कर समझाने का प्रयास किया तो भीड़ जिसको नदीम, अनीस, साजिद सकलैनी, तहमीन, वसीन तहसीनी, अजीम, अदनान, मोईन सिद्दीकी, फैजुल नवी, कलीम खां, नयाब उर्फ निम्मा, बबलू खां समेत 200-250 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ईंट पत्थर, एसिड से भरी कांच की बोतल फेंकना शुरू कर दिया भीड़ ने पुलिस कर्मियों को जान से मारने के लिए फायरिंग की। पथराव से कई पुलिस कर्मी घायल हो गये।

# हत्यारोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

इनामी बदमाश नैतिक।

- गौरव गोस्वामी हत्याकांड में फरार चल रहा है नैतिक

**अमृत विचार** : बारादरी थाना क्षेत्र में ईसाइयों की पुलिया के पास 11 सितंबर को गौरव गोस्वामी हत्याकांड में फरार हत्यारोपी खुर्रम गौटिया निवासी नैतिक सोनकर की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी अनुराग आर्य ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है मगर वह गिरफ्त से दूर है। हालही में पुलिस ने मुख्य आरोपी बिहारी उर्फ निशांत सोनकर को पांच घंटे की रिमांड पर लेकर तमंचा बरामद किया था।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि खुर्रम गौटिया में 11 सितंबर की रात दो गुटों में झगड़े के दौरान बिशारतगंज निवासी हिंदू नेता गौरव गोस्वामी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के पिता छोटे लाल ने बारादरी थाने में अनस उर्फ मुलायम, नैतिक सोनकर, बिहारी उर्फ निशान्त सोनकर, राजा उर्फ कपिल, अभय, शेखर, सगीर और चन्दन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान नामजद आरोपी शेखर पुलिस मुठभेड़ में और अनस, समीर, चंदन को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था, जबकि बिहारी सोनकर उर्फ निशान्त, राजा उर्फ कपिल, अभय ने न्यायालय के समक्ष हाजिर होकर आत्मसमर्पण किया था। आरोपियों से पूछताछ में जानकारी हुई थी कि गौरव गोस्वामी को गोली बिहारी उर्फ निशान्त सोनकर ने मारी थी। हत्याकांड में शामिल आरोपी नैतिक सोनकर पुलिस पकड़ से दूर है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी अनुराग आर्य ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

> गौरव गोस्वामी हत्याकांड में शामिल हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। गिरफ्तारी के लिए टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। - अनुराग आर्य, एसएसपी

# निदा खान को जेल से धमकी दे रहा मोईन, सुरक्षा की गुहार

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : समाजसेविका और आला हजरत खानदान की बहू निदा खान के विरुद्ध वर्ष 2022 में फतवा जारी करने के आरोपी मोईन सिद्दीकी जेल से निदा को मुकदमे की पैरवी करने पर जान से मरवाने की धमकी दिलवा रहा है। वह अभी 26 सितंबर को हुए बवाल मामले में जेल में बंद है। इस केस में निदा खान ने अपने वकील के जरिये सिविल कोर्ट में अर्जी देकर सुरक्षा का आदेश देने व पत्रावली के शीघ्र निस्तारण की गुहार लगाई है।

निदा खान के वकील भूपेन्द्र भड़ाना ने बताया कि उनकी मुवक्किल समाजसेविका हैं। निदा के पति आला हजरत खानदान के शीरान रजा ने मौलाना तौकीर रजा के खास सहयोगी मौलाना मोईन सिद्दीकी से मिलकर निदा के विरुद्ध फतवा जारी करवाया था कि अगर वह तीन दिन में भारत नहीं छोड़तीं हैं तो पत्थर मारकर जबरन भारत से भगाया जाये। ऐसा करने वाले को 11786 रुपये का इनाम दिया जायेगा। शीरान इस मामले में फरार चल रहा है। मोईन जेल में बंद है। आरोप है कि दोनों मौलाना तौकीर के साथ मुकदमे की पैरवी करने पर जान से मारने की धमकी तथा तेजाब डालने की धमकी भिजवा रहे हैं। कह रहे हैं कि अगर फैसला नहीं किया तो जान से मरवा दिया जायेगा, कह दिया जायेगा कि यह इस्लाम की खिलाफत करती है इसलिए भीड़ ने मार दिया।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को जमानत नहीं

**विधि संवाददाता, बरेली:** नहाते समय नाबालिग लड़की (16) का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने के आरोपी थाना बहेड़ी क्षेत्र निवासी रंजीत की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट देवाशीष ने खारिज कर दी। सरकारी वकील राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना इज्जतनगर में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता ने बताया कि 28 सितंबर को रंजीत उसके घर में घुस गया और दुष्कर्म किया। मम्मी और पापा बाहर थे। मम्मी आ गयी और रंजीत को कमरे में बंद कर दिया। पुलिस आयी और रंजीत को ले गयी। पुलिस ने घर में घुसकर, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था।

# खुद को दरोगा बताकर 37 हजार रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सस्ते में कार बेचने का दिया झांसा सुभाषनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार** : सुभाषनगर थाना क्षेत्र के एक युवक को ठग ने खुद को दरोगा बता कर सस्ते में कार देने का झांसा देकर 37 हजार रुपये ठग लिए। उसके बाद न तो कार मिली न ही रुपये। अब ठग दोबारा से फोन कर रुपयों की मांग कर रहा है। एसपी सिटी मानुष पारीक के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मढ़ीनाथ निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि 21 अगस्त को उन्होंने ओएलएक्स पर एक कार पसंद की। उन्होंने जब दिए हुए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो सामने वाले ने अपना नाम सलेन्द्र कुमार निवासी लखीमपुर खीरी बताया। साथ ही कहा कि वह सीआईएसएफ में असिस्टेंट उप निरीक्षक के पद पर तैनात है।

उसने कहा कि कार चंडीगढ़ में है। उसे रुपयों की जरूरत है इसलिए वह कार इस समय सस्ते दामों में दे देगा।

उसने झांसे में लेकर कुल 37 हजार रुपये ले लिया। उसके बाद उसे कार भेजने के लिए और भी रुपयों की मांग कर रहा है। पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ और एसपी सिटी से शिकायत की। एसपी सिटी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## उपभोक्ता के मकान पर बकायादारी छाप लगाना गलत

**बरेली, अमृत विचार:** एडवोकेट एवं आरटीआई एक्टिविस्ट मुहम्मद खालिद जीलानी ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ता के मकान पर बकायादारी छाप लगाना गलत और अपमानित करने वाला है। विभाग विद्युत अधिनियम, 2003 के अधीन उत्तर प्रदेश सरकारी विद्युत उपक्रम अधिनियम तहत बिजली बकाया भू-राजस्व के रूप में वसूल कर सकता है, इसके लिए कलेक्टर द्वारा कार्रवाई की जाती है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा बिजली बकायादार उपभोक्ताओं के परिसर पर बिजली (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियम, 2020 के प्रावधानों के तहत बकायादार या बिजली चोरी जैसी कार्रवाई नहीं की जा सकती।

# बीएसए कार्यालय की छत से कूदने वाले ठेकेदार पर जालसाजी के आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सरकारी दफ्तरों में गाड़ियां लगवाने का झांसा दे गायब कर चुका कई गाड़ियां
- ठेकेदार के खिलाफ उत्तराखंड और बरेली में जालसाजी के दर्ज हुए थे कई मामले

**अमृत विचार** : पिटाई के डर से बीएसए कार्यालय की छत से कूदने वाले टूर एंड ट्रैवल एजेंसी संचालक सीएल गंगवार की फ्रॉड गतिविधियों का पर्दाफाश हुआ है। ठेकेदार पर आरोप हैं कि उसने अलग-अलग तरीकों से लोगों को लाखों रुपये का चूना लगाया है। ठेकेदार ने सरकारी दफ्तरों में गाड़ियां लगवाने का झांसा देकर कई लोगों से गाड़ियां लीं, लेकिन न तो समय से पैसा दिया और न ही गाड़ियां वापस कीं।

ठेकेदार के खिलाफ उत्तराखंड और बरेली के थानों में जालसाजी के मामले दर्ज हैं। इसमें से एक मामला तो 6 साल पुराना है जब उसने उत्तराखंड में एसएसपी का पीआरओ बनकर एक महिला से 25 हजार रुपये ऐंठे थे। उस वक्त ठेकेदार कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मुडिया नबी बख्स, बहेड़ी में बतौर शिक्षक तैनात था। पुलिस ने मामले में ठेकेदार को उसके साथियों के साथ जेल भेजा था। वहीं, ठेकेदार के खिलाफ किराये के नाम पर गाड़ी लेकर गाड़ी वापस न करने का एक मुकदमा देवरनियां के भूपेंद्र कुमार ने भी बारादरी में दर्ज करा रखा है।

बीएसए विभाग के बाबू बताते हैं, अन्य सरकारी विभागों में भी सीएल गंगवार ने किराये पर गाड़ियां लगा रखी हैं।

विभाग में चर्चा है कि गुरुवार को हुआ घटनाक्रम भी किराये पर ली गाड़ी से जुड़ा है। ठेकेदार ने बहेड़ी के एक व्यक्ति की नई गाड़ी लेकर महीनों तक किराया नहीं दिया, जब वह अपने परिवार के साथ उसे पकड़ने पहुंचा तो ठेकेदार बीएसए कार्यालय की छत से कूद गया और पैर टूट गया। सरकारी अस्पताल में भर्ती होने के बाद वह देर शाम ही निजी अस्पताल निकल गया।

### तीन खंड शिक्षा अधिकारियों के भी चार लाख दबाए

बीएसए और डीआईओएस दफ्तर में शुक्रवार को घटनाक्रम की चर्चा खूब रही। नाम नहीं छापने की शर्त पर बीएसएस कार्यालय के एक बाबू ने बताया कि ठेकेदार तीन खंड शिक्षा अधिकारियों के भी चार लाख रुपये दबाए बैठा है। ठेकेदार को हर ब्लाक में खंड शिक्षा अधिकारी को गाड़ी देने का ठेका मिला है। तीन खंड शिक्षा अधिकारी ऐसे हैं जो खुद के वाहन से आवागमन करते हैं। इसके बदले हर माह किए जाने वाले भुगतान के ऐवज में ठेकेदार से आधी रकम वापस करने की व्यवस्था बांध रखी है। ठेकेदार ने दो खंड शिक्षा अधिकारियों से डेढ़-डेढ़ लाख और एक से एक लाख रुपये यह कहकर पहले ही ले लिए थे कि वह हर माह गाड़ी के ऐवज में मिलने वाले भुगतान से इसका सेटेलमेंट करवाएगा।

## ईपीएफ और वेतन को लेकर किया घेराव

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज की कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में अस्थाई कर्मचारियों की बैठक शुक्रवार को पुस्तकालय पार्क में हुई। इसमें कर्मचारियों ने जब जाना कि कालेज प्रशासन ने वेतन और ईपीएफ पर गोलमोल जवाब दिया जा रहा है तो सभी कर्मचारियों ने स्थापना प्रभारी का घेराव कर जवाब मांगने की बात रखी।

## वाहन चोरी कर बदल देते थे रंग, दो गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार** : इज्जतनगर थाना पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर दो वाहन बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फरीदापुर चौधरी निवासी शाकिर और सलीम के रूप में हुई है। चोर वाहन चोरी के बाद उसका रंग बदलकर दौड़ाते थे।

इज्जतनगर थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि रोड नंबर आठ के पास चोर हैं। पुलिस टीम ने तुरंत पहुंच कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में चोरों ने बताया कि बरामद स्कूटी पीलीभीत बाईपास पर एक मॉल से चुराई थी, जबकि मोटरसाइकिल फरीदापुर चौधरी से चुराई थी। दोनों बरामद कर ली गईं। एक्टिवा सफेद रंग की थी, जिसका रंग काला कर चलाते थे, ताकि कोई पकड़ न सके। बाइकें चोरी करने के बाद रोड नंबर आठ स्थित रेलवे क्रासिंग की झाड़ियों में छुपा कर रखते थे। उसके बाद ग्राहक मिलते ही बेच देते थे। दोनों पर पहले से ही कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश जेल भेज दिया।

# ट्रेनों में नो रूम की स्थिति

**बरेली, अमृत विचार:** त्योहारी सीजन बीतने के बाद भी रेल यात्रियों को राहत नहीं मिल रही है। दिसंबर के विंटर वेकेशन और नए साल की छुट्टियों के मद्देनजर यात्री अभी से टिकट बुक करा रहे हैं, जिससे बुकिंग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है।

पटना, गोरखपुर, दरभंगा और जम्मूतवी की ओर जाने वाली ट्रेनों में सीट मिलना अब भी मुश्किल बना हुआ है। स्थिति यह है कि कई ट्रेनों में स्लीपर से लेकर एसी कोच तक नो रूम की स्थिति है, जबकि वेटिंग लिस्ट 150 से पार कर चुकी है। रेलवे आरक्षण की 30 नवंबर तक की स्थिति के मुताबिक बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाली ट्रेनों में सबसे ज्यादा दबाव देखा जा रहा है। कुंभ एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस और अमृतसर-हावड़ा एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में सभी श्रेणियों में सीटें फुल हैं। चंडीगढ़-पटना एक्सप्रेस (22356) में स्लीपर पूरी तरह भरे हुए हैं, जबकि एसी कोच में लंबी वेटिंग चल रही है। वहीं, चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस (14010) में टिकट पाना लगभग असंभव हो गया है। जम्मूतवी और श्री माता वैष्णो देवी कटरा की ओर जाने वाली ट्रेनों में भी यही हाल है। अमरनाथ एक्सप्रेस, हिमगिरी एक्सप्रेस, बेगमपुरा जैसी ट्रेनों में वेटिंग तेजी से बढ़ रही है।

## मोबाइल टॉवर लगाने का विरोध

**बरेली, अमृत विचार** : किला थाना क्षेत्र के गुड़ बाजार, सन्दल खां नवाब दुलारे की कोठी इलाके में मोबाइल टॉवर लगाने को लेकर शुक्रवार को लोगों ने विरोध किया। महिलाओं के साथ मोहल्ले के लोगों ने काम रुकवाने की मांग करते एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। लोगों का कहना है कि यह इलाका बेहद घनी आबादी वाला है, ऐसे में टॉवर से निकलने वाली रेडिएशन से लोगों की सेहत खराब होगी। स्थानीय निवासी शबनम, जैनब, रूशदा, उफना और अन्य महिलाओं ने बताया कि तीन मंजिला अपार्टमेंट की छत पर टॉवर लगाया जा रहा है।

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## सिटी ब्रीफ

### लंबे समय से गैरहाजिर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की सेवाएं समाप्त

**बरेली, अमृत विचार :** बहेड़ी के आंगनबाड़ी केंद्र हसनपुर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शिवानी यादव की संविदा समाप्त कर दी गई है। शिवानी फरवरी से निरंतर अनुपस्थित चल रही थीं और उन्हें बाल विकास परियोजना अधिकारी बहेड़ी ने कई नोटिस जारी किए थे, लेकिन उन्होंने उत्तर नहीं दिया। डीएम से अनुमोदन प्रदान होने पर डीपीओ ने गुरुवार को उसकी सेवा समाप्त कर दी। डीपीओ मनोज कुमार ने बताया कि शिवानी ग्राम हसनपुर में निवास न कर वर्तमान में अपनी ससुराल मझगवां ब्लॉक के गांव राजपुर गौंटिया में रह रही थी। उनकी अनुपस्थिति के कारण आंगनबाड़ी केंद्र में कामकाज प्रभावित हो रहा था और बच्चों को परेशानी हो रही थी। सीडीपीओ बहेड़ी ने शिवानी को 17 व 21 फरवरी और 10 जून को नोटिस जारी किए लेकिन कोई उत्तर नहीं दिया। इसके बाद डीएम ने अंतिम सुनवाई के लिए सीडीओ को अधिकृत किया। सीडीओ ने 17 अक्टूबर को अंतिम सुनवाई की तारीख निर्धारित की, लेकिन शिवानी सुनवाई में भी नहीं आईं। डीपीओ ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र हसनपुर में नई आंगनबाड़ी कार्यकत्री की नियुक्ति की जाएगी।

### अस्मिता मिस और सत्यम रस्तोगी मिस्टर फ्रेशर चुने गए

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के बीसीए विभाग में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें सिंगिंग, डांस, कविता, जैसे कार्यक्रम किए गए। सत्यम रस्तोगी को मिस्टर और अस्मिता को मिस फ्रेशर चुना गया। मुख्य अतिथि के तौर पर सेल्फ फाइनेंस कोर्सेज के निदेशक प्रो. एपी सिंह, समन्वयक डॉ. अतुल यादव और विभाग के शिक्षक डॉ. रोमा सक्सेना, डॉ. मनु यादव, डॉ. विकसित शर्मा, डॉ. पंकज सक्सेना, कृष्ण पल, विवेक सक्सेना, नितेश सक्सेना, प्रखर यादव, अमित शर्मा, स्मृति सिंह आदि उपस्थित रहे।

# विभाजन की स्मृतियों, रंगमंच के इतिहास पर हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

विंडरमेयर में किताब उत्सव में पुस्तक का विमोचन करते अमितेश कुमार, बलवन्त कौर।

- किताब उत्सव में दिखा साहित्य इतिहास और रंगमंच का अनोखा संगम
- इस्मत चुगताई के जीवन और लेखन के साथ बरेली के संबंधों पर गहन चर्चा हुई

**अमृत विचार :** राजकमल प्रकाशन द्वारा विंडरमेयर थिएटर में आयोजित पांच दिवसीय किताब उत्सव के तीसरा दिन शुक्रवार साहित्य, इतिहास और रंगमंच के अद्भुत संगम के रूप में यादगार बन गया। इस दिन 'स्मृति और दंशः विभाजन, निरंतरता और तीसरी पीढ़ी', 'मंच-प्रवेश' और 'बॉनः यादों में बसा शहर' जैसी तीन चर्चित पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। दिनभर चले सत्रों में विभाजन की स्मृतियों से लेकर रंगमंच के इतिहास और लेखिका इस्मत चुगताई के जीवन पर गहन चर्चाएं हुईं।

कार्यक्रम की शुरुआत लेखक सुहेल वहीद की यात्रा संस्मरण पुस्तक 'बॉनः यादों में बसा शहर' के लोकार्पण से हुई। इस अवसर पर राजेश शर्मा ने उनसे संवाद किया। सुहेल वहीद ने बताया कि यह पुस्तक जर्मनी के शहर बॉन से जुड़े उनके अनुभवों की गहराई को दर्शाती है। राजेश शर्मा ने इसे एक संस्कृति का दस्तावेज़ बताया। लोकार्पण कथाकार हृषीकेश सुलभ, राजेश शर्मा और अमोध महेश्वरी के हाथों संपन्न हुआ। दूसरे सत्र में बलवंत कौर की पुस्तक 'स्मृति और दंश' का विमोचन हुआ। उन्होंने कहा कि हम आज भी जाति, धर्म और सम्प्रदाय के स्तर पर विभाजनों में जी रहे हैं। यह कृति विभाजन और 1984 के दंगों की पीड़ा को तीन पीढ़ियों की दृष्टि से प्रस्तुत करती है।

अगले सत्र में ऋषिकेश सुलभ ने अपने उपन्यास 'दातापीर' से पाठ किया। प्रभात सिंह ने कहा कि यह रचना समाज में छिपे अंधेरों और अनदेखे जीवन संघर्षों को उजागर करती है। इसके बाद 'मंच-प्रवेश' पुस्तक का लोकार्पण हुआ, जिसे प्रसिद्ध रंग निर्देशक फ़ैसल अलकाज़ी ने लिखा है। पुस्तक भारतीय रंगमंच के दो प्रमुख परिवारों – अलकाज़ी और पद्मसी – की रंगयात्रा को जीवंत करती है। दिन का समापन 'इस्मत का शहरः बरेली' विषय पर हुई चर्चा से हुआ। डॉ. ब्रजेश्वर सिंह, खालिद जावेद और सम्युन खान ने इस्मत चुगताई के लेखन और व्यक्तित्व पर विचार साझा किए। डॉ. सिंह ने कहा कि इस्मत जैसे लिखती थीं, वैसे ही दिखती थीं सच्ची, बेबाक और निर्भीक। कार्यक्रम के अंत में रंगकर्मी पप्पू वर्मा ने सुकेश साहनी की कहानी 'पुल' का पाठ किया। चौथे दिन कई नई पुस्तकों के विमोचन और नाट्य पाठ की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## आलमपुर, दमखोदा और बिथरी ब्लॉक के बीडीओ को नोटिस

**बरेली, अमृत विचार:** ग्राम पंचायतों में मनरेगा के काम में बीडीओ हीलाहवाली कर रहे हैं।भदपुरा समेत 12 ब्लाकों में मनरेगा मजदूरों की संख्या में इजाफा हुआ लेकिन आलमपुर, दमखोदा और बिथरी ब्लॉक में स्थिति चिंताजनक है। इस पर नाराजगी जताते हुए डीसी मनरेगा हसीब अंसारी ने तीनों ब्लॉक के बीडीओ को नोटिस जारी किए हैं।

जानकारी के मुताबिक शासन स्तर पर लगातार मानव दिवसों की समीक्षा की जा रही है। ग्राम पंचायतों में मनरेगा में कार्य शुरू कराते हुए और उन कार्यों में अधिक से अधिक श्रमिक लगाते हुए अधिक से अधिक मानव दिवस सृजित करने के बीडीओ को निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी तीन ब्लॉकों की प्रगति खराब है। इसलिए यहां तैनात बीडीओ को नोटिस जारी कर दिया गया है। बीडीओ को निर्देश दिए हैं कि वे मनरेगा में कार्य शुरू कराएं।

# भारत में हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने पर मैच आयोजित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- स्पोर्ट्स स्टेडियम में बालक वर्ग में चार और बालिका वर्ग में हुए दो मैच

**अमृत विचार:** भारत में हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुक्रवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में बरेली हॉकी संघ और खेल विभाग के समन्वय से बालक वर्ग में चार और बालिका वर्ग में दो हाकी मैच खेले गए। जिसमें लगभग 150 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

बालक वर्ग में पहला मैच सेंट्रल स्कूल एयरफोर्स और दिल्ली पब्लिक स्कूल की ए टीम से और दूसरा मैच दिल्ली स्कूल की बी टीम और खेलो इंडिया सेन्टर बरेली के बीच, तीसरा मैच साई कैंट बरेली और गुरुनानक क्लब बरेली, चौथा मैच बरेली हॉकी संघ और दिल्ली पब्लिक स्कूल की सी टीम के मध्य खेला गया। बालिका वर्ग में पहला मैच साहू गोपीनाथ और दिल्ली पब्लिक स्कूल की ए टीम, दूसरा मैच दिल्ली पब्लिक स्कूल की बी टीम और खेलो इंडिया सेन्टर बरेली के मध्य में खेला गया। मुख्य अतिथि मेयर उमेश गौतम का क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी चंचल मिश्रा ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागी सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। मैचों में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्रों का वितरण क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने किया। इस मौके बरेली हॉकी संघ के अध्यक्ष गौतम सक्सेना, सचिव मो. वसीम खान, गीता शर्मा, रजनी जोशी, अंर्तराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, सिरोज खान, कोषाध्यक्ष शकील खान, मो. अखलाख खान, डीके कपूर, रफत आदि लोग मौजूद रहे।

# एसआईआर : शिक्षकों-कर्मचारियों को मूल कार्य से राहत

## सिटी मजिस्ट्रेट ने दिए सख्त निर्देश, सभी शिक्षक, कर्मचारी और सुपरवाइजर अपने मूल पदेन कार्यों से 4 दिसंबर तक मुक्त रखे जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** एसआईआर की सफलता के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। अब एसआईआर के कार्य में लगे सभी शिक्षक, कर्मचारी और सुपरवाइजर अपने मूल पदेन कार्यों से 4 दिसंबर तक मुक्त रखे जाएंगे। सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने शुक्रवार को सभी विभाग प्रमुखों को इसका आदेश दिया।

सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि प्रतिदिन होने वाली समीक्षा बैठकों और मतदाता सूची पुनरीक्षण के अत्यावश्यक कार्यों के कारण यह निर्णय आवश्यक था। उन्होंने कहा कि अभियान की समयबद्ध पूर्णता सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए इस अवधि में बीएलओ और सुपरवाइजर किसी अन्य विभागीय दायित्व में नहीं लगाए जाएंगे। गौरतलब है कि यह मुद्दा 31 अक्टूबर को संजय कम्युनिटी हॉल में आयोजित प्रशिक्षण सत्र के दौरान वरिष्ठ शिक्षक नेता हरीश बाबू शर्मा ने उठाया था। उन्होंने बताया था कि बीएलओ और सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत कई शिक्षक अपने विद्यालयों में अकेले हैं, जिससे दोनों जिम्मेदारियों का निर्वहन एक साथ करना कठिन हो रहा है। इस मुद्दे को सैकड़ों शिक्षकों ने जोरदार समर्थन दिया था। शुक्रवार सुबह सिटी मजिस्ट्रेट ने तहसीलदार सदर के साथ एक बैठक में सुपरवाइजरों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि अभियान में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद शहर विधानसभा क्षेत्र के सभी पोलिंग स्टेशनों पर सुपरवाइजरों ने सुबह 10 बजे विशेष बैठकें आयोजित कर बीएलओ को नए निर्देशों से अवगत कराया। सभी ने मिलकर यह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया कि 4 दिसंबर तक मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य पूरी तत्परता से पूरा किया जाएगा। दूसरी ओर प्रशासन ने शुक्रवार को अभियान में लापरवाही बरतने वाले कई बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई भी अमल में लाई है। अधिकारियों का कहना है कि अब हर बीएलओ की दैनिक रिपोर्ट की समीक्षा होगी और जिम्मेदारी तय की जाएगी। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि अभियान लोकतांत्रिक प्रक्रिया का आधार है, इसलिए इसमें पारदर्शिता और समयबद्धता अनिवार्य है।

**सत्यापन के बाद मतदेय स्थलों का होगा संभाजन :** बैठक में बताया गया कि मतदेय स्थल भवन या उससे संबद्ध करने वाले निर्वाचक नामावली के भाग का शत-प्रतिशत सत्यापन के बाद मतदेय स्थलों का संभाजन किया जाएगा। भवन के सत्यापन के साथ यह भी देखा जाए कि उस मतदेय स्थल की निर्वाचक नामावली में अंकित मतदाताओं का निवास उस भवन के आसपास भौतिक रूप से हो। सत्यापन का कार्य जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम करेगी। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अनुसार मतदेय स्थलों का निर्धारण के मतदेय स्थलों की नयी सूची बनेगी।

## राजनीतिक दलों को मतदान केंद्र और मतदेय स्थलों की सूची उपलब्ध कराएं

कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीएम।

- डीएम ने कहा कि बीएलओ अपना कार्य नहीं कर रहे हैं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई करें

**बरेली, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर मतदेय स्थलों के संभाजन के संबंध में जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। उन्होंने राजनीतिक दलों को मतदान केंद्र और मतदेय स्थलों की सूची उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए, ताकि दलों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि यदि कोई बीएलओ अपना कार्य नहीं कर रहा है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई करें। निर्वाचन संबंधी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी राजनैतिक दलों को ईआरओ और एईआरओ की सूची उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

डीएम ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह को निर्देश दिए कि निर्वाचन के समय बिना परमिशन के कोई भी बीएलओ अवकाश पर मुख्यालय से बाहर न भेजा जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में डुगडुगी बजवाकर मतदाताओं को अधिक से अधिक मत डालने के लिए प्रेरित करें। आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अनुसार मतदेय स्थलों का निर्धारण करने के बाद मतदेय स्थलों की सूची तैयार होगी। इसके बाद मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची पर विधायकों, सांसदों एवं राजनीतिक दलों के साथ बैठक होगी, जिसमें विचार विमर्श कर सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। अधिक पुराने व जर्जर भवन वाले मतदेय स्थलों को मतदान क्षेत्र के अंतर्गत उपलब्ध स्थाई भवन में स्थानांतरित किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि 10 नवंबर को आपत्तियों एवं सुझावों के लिए मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन, 10 नवंबर को मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने, 18 नवंबर को सांसद, विधायक एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठकों के आयोजन के बाद शिकायतों एवं सुझावों का निस्तारण कर सूची को अंतिम रूप दिया जाना है। 19, 20 और 21 नवंबर तक सभी मतदेय स्थलों का प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजने को उपलब्ध कराना है। बैठक में एडीएम सिटी सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, भाजपा नेता उमेश कठेरिया, सपा नेता शिवचरण कश्यप आदि राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सिटी डायरी

### आईआईए पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताए उद्यम कौशल के गुर

**बरेली, अमृत विचार :** इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में शार्क टैंक इन्वर्टिस सीजन का गुरुवार को आयोजन हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा के साथ ही उद्यम शीलता की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को उद्यम कौशल के गुर बताए। कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम एवं कार्यकारी निदेशक पार्थ गौतम के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल एवं पोसिटेक इंटरनेशनल के निदेशक शिरीष रघुयाल ने प्रतिभागियों के विचारों का मूल्यांकन करते हुए उन्हें उपयोगी सुझाव दिए। उनके अनुभव पूर्ण मार्गदर्शन ने विद्यार्थियों को अपने बिजनेस मॉडल को और बेहतर बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में अन्य विशिष्ट अतिथियों में आईआईए चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी, सचिव रजत मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष आशीष, समन्वयक सलिल, वरिष्ठ वाइस चेयरमैन राकेश, मीडिया प्रभारी ऋषभ दीक्षित, आईवाईसी कैप्टन धनंजय व आईआईए के संयुक्त सचिव अभिनव मौजूद रहे।

### गंगा नदी पर नाटक का मंचन

**बरेली, अमृत विचार :** मां गंगा बचाओ वेलफेयर सोसायटी परिवार एवं जिला प्रशासन के सहयोग से समाजसेवी डॉ. रजनीश सक्सेना के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष अखिलेश शर्मा, संजीव सक्सेना, ऋषि रंजन सिंह, हरजीत कौर, रवि सक्सेना के निर्देशन में मां गंगा जीवनदायिनी और मोक्षदायिनी है, नाटक का मंचन किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद नवी, वीपी खंडेलवाल एवं कार्यक्रम अध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि दिनेश गोयल रहे। इसमें शिवा शर्मा, मनीष यादव, अंशु चौहान, उर्वशी जैनवाल, दामिनी, जितेंद्र जीत, रिजवान, कार्तिक शर्मा कलाकारों ने मां गंगा की महत्ता के साथ, आस्था के साथ खिलवाड़ क्यों के प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया।

### डॉ. विनोद पागरानी सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ ने गुरुवार रात कार्यक्रम में वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. विनोद पागरानी को सम्मानित किया। डॉ. विनोद पागरानी को निर्विरोध इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन एक्जीक्यूटिव बॉडी नेशनल हेडक्वार्टर में राज्य प्रतिनिधि चुना गया है। रोटरी क्लब ने डॉ. पागरानी की उपलब्धि को सराहा। डॉ. पागरानी ने कार्यक्रम में डॉक्टरों को हर तरह का सहयोग देने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, पूर्व मेयर डॉ. आईएस तोमर, डॉ. आरके मेहरा, दिनेश गोयल, संजीव खंडेलवाल समेत अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

### संस्कृति के बोध से ही होगा सशक्त परिवार का निर्माण

**बरेली, अमृत विचार :** विद्या भारती की ओर से नैनीताल रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बरेली कॉलेज की प्रो. नीलम गुप्ता ने कहा कि परिवार वह नींव है जो हमें कुटुंब जोड़ने के लिए बहुत आवश्यक है, एक सशक्त परिवार संस्कृति का बोध करके ही संपूर्ण समाज की दिशा परिवर्तित कर सकता है। मुख्य अतिथि बरेली कॉलेज की प्रो. अजिता सिंह तिवारी ने कहा कि महिलाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास होने से ही परिवार समाज और देश सशक्त होता है, आत्मरक्षा और मानसिक सशक्तिकरण पर जोर देने से हम कई क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं। अध्यक्षता करते हुए प्रांत सह संयोजिका अर्चना ने कहा कि हमारा नागरिक कर्तव्य हमें अपने भारतीय संविधान के प्रति सम्मान रखना चाहिए, हम सभी राष्ट्रीय प्रतीक का सम्मान करें। कार्यक्रम में प्रियंका ने रोमांचक प्रश्नोत्तरी आयोजित की। नीलम मिश्रा ने सप्त शक्ति को जागृत करने के लिए एक संकल्प भी सभी से कराया। कार्यक्रम में महारानी लक्ष्मीबाई, अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला, अहिल्याबाई होलकर आदि के विभिन्न शक्ति रूप में छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति दी। अलका नवीन ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## दरगाह-ए-तहसीनी पर उर्स-ए-हबीबी का पोस्टर जारी

**बरेली, अमृत विचार:** पुराना शहर स्थित कांकरटोला की प्रसिद्ध दरगाह-ए-तहसीनी पर होने वाले वार्षिक उर्स-ए-हबीबी का पोस्टर शुक्रवार को जारी किया गया और कार्यक्रम की रूपरेखा और तिथियों की घोषणा की गई। चार दिवसीय उर्स 16 नवंबर से 19 नवंबर तक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

मीडिया प्रभारी शाहाब बेग ने बताया कि उर्स के दौरान दरगाह परिसर में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें कव्वाली, महफिल-ए-समा, चादरपोशी और फातिहा जैसे पारंपरिक कार्यक्रम शामिल होंगे। कार्यक्रम का समापन 19 नवंबर को सामूहिक दुआ और लंगर के साथ होगा। पोस्टर जारी करने के अवसर पर आसिफ रजा, शादाब रजा, फहीम हबीबी, जफर, सैय्यद जावेद आदि मौजूद रहे।

# बीएससी गृह विज्ञान के टॉपर पर आपत्ति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- छात्रा ने डीएसडब्ल्यू से की शिकायत, मामला परीक्षा नियंत्रक के पास पहुंचा
- सबसे अधिक 27 टॉपर रुविवि परिसर के, बरेली कॉलेज के भी नौ टॉपर

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के टॉपर्स की सूची पर एक आपत्ति आई है। बीएससी गृह विज्ञान की छात्रा ने अपने अधिक अंक बताए हैं। डीएसडब्ल्यू प्रो. पीबी सिंह ने मामला परीक्षा नियंत्रक के पास भेज दिया है। यहीं से अंतिम निर्णय लिया जाएगा कि सूची में शामिल छात्रा टॉपर रहेगी या फिर आपत्ति करने वाली छात्रा टॉपर बनेगी। टॉपर सूची पर आपत्ति शनिवार तक की जा सकती है। टॉपर्स में सबसे अधिक रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 27 टॉपर हैं। इसके अलावा बरेली कॉलेज के भी नौ टॉपर हैं।

बीएससी गृह विज्ञान में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की छात्रा रिया सिंह को टॉपर घोषित किया गया है। रिया सिंह के 2800 सौ में 2260 यानी 80.71 प्रतिशत अंक है। आपत्ति करने वाली छात्रा ने बताया कि उसके टॉपर छात्रा से अंक अधिक हैं और उसने सुधार परीक्षा दी थी तो उसके और अंक बढ़ गए। वह दोनों तरह से टॉपर है।

**टॉपर्स में सबसे अधिक अंक एमसीए और सबसे कम बीकॉम प्राइवेट में :** टॉपर्स सूची में सबसे अधिक अंक रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग की छात्रा खुशनुमा के 96.40 प्रतिशत अंक हैं।

वहीं सबसे कम अंक बीकॉम प्राइवेट में बरेली कॉलेज की परी ठक्कर के 61.83 प्रतिशत अंक हैं। 90 फीसदी से ऊपर अधिक अंक सिर्फ चार विद्यार्थियों के ही हैं। इनमें एमसीए की खुशनुमा 96.40 प्रतिशत, बीटेक केमिकल इंजीनियरिंग के हर्षित पांडेय के 90.70, एमए संस्कृत की ख्याति के 90.30 प्रतिशत और एमलिब की शैली सिंह के 90 प्रतिशत अंक हैं।

दीक्षांत समारोह में स्वर्ण जयंती द्वार, क्रिकेट स्टेडियम, ट्रांजिट हॉस्टल समेत कई जगह का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया जाएगा।

### 93 टॉपर्स में 13 प्राइवेट विद्यार्थी

93 टॉपर्स में 13 प्राइवेट और 80 रेगुलर विद्यार्थी हैं। प्राइवेट टॉप करने वालों में बीए में जीएफ कॉलेज शाहजहांपुर के विवेक कटियार, एमकॉम में बरेली कॉलेज के शिवांग शर्मा, एमए शिक्षा में सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज भोजीपुरा के सत्यम गंगवार, एमए उर्दू में हिंदू कॉलेज की सबा नाज, एमए दर्शनशास्त्र में केएनजीएलके कॉलेज मुरादाबाद की स्मिता, एमए अर्थशास्त्र में बरेली कॉलेज के आदित्य शर्मा, एमए गणित में वर्धमान कॉलेज बिजनौर की शुभांजलि, एमए राजनीति शास्त्र में हिंदू कॉलेज मुरादाबाद के अश्वनी चौधरी, एमए इतिहास में बरेली कॉलेज के काकुल सिंह, एमए अंग्रेजी में नवल किशोर कॉलेज चंदौसी की याचना वार्ष्णेय, एमए संस्कृत में हिंदू कॉलेज की हर्षी और एमए समाजशास्त्र में गौरीशंकर महाविद्यालय आंवला की अस्मिता पांडेय हैं।

**आयोजन** बाबा वनखंडीनाथ मंदिर से कथा स्थल कृष्णा नगर कॉलोनी तक विशाल कलश यात्रा निकाली गई

# अरणी मंथन से नव कुंडीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का शुभारंभ

बाबा महाकाल सेवा ट्रस्ट की ओर से निकाली जा रही कलश यात्रा। ● अमृत विचार

बाबा वनखंडीनाथ मंदिर से निकली कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** बाबा महाकाल सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित नवकुंडीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ किया गया। कथा व्यास आचार्य रमाकांत दीक्षित ने बताया कि कलश यात्रा में 151 सुहागिन महिलाओं ने अपने-अपने सिर पर मंगल कलश रखकर बैंड बाजे पर भजनों की धुन पर नाचते गाते हुए बाबा वनखंडी नाथ मंदिर से कथा स्थल कृष्णा नगर कॉलोनी तक विशाल कलश यात्रा निकाली गई।

दोपहर 1 बजे नवकुंडीय यज्ञ शाला में पुरुष सूक्त, रूद्र सूक्त के मंत्रोच्चारण और अरणी मंथन करके पवित्र अग्नि देव प्राकट्य के साथ चंडी महायज्ञ शुरू किया गया। यज्ञाचार्य नीलेश मिश्रा के नेतृत्व में बाहर से आए 51 ब्राह्मणों और संत-महात्माओं ने यज्ञ में मंत्रोच्चारण किया। शाम 7 बजे से श्याम परिवार की ओर से श्याम बाबा की भजन संध्या का आयोजन हुआ। खाटू श्याम के भव्य विग्रह के समक्ष श्याम भक्तों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान भाव विभोर भक्तों की आखों से श्याम प्रेम के आंसू निकल आए। हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा की जयकार से पंडाल गूंज उठा। जिसमें नरेंद्र मित्तल का विशेष सहयोग रहा। यज्ञ में मुख्य यजमान अतुल मिश्रा, मंजुला मिश्रा, दीपेश अग्रवाल, निशि अग्रवाल रहे। इस मौके पर अजय राज शर्मा, मीडिया प्रभारी एडवोकेट हर्ष कुमार अग्रवाल, अनुराग अवस्थी, देव दीक्षित, डॉ. मनोज मिश्रा, छाया दीक्षित, अरुण शुक्ला, पंकज भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे।

## शहर में आज

- बाबा महाकाल सेवा ट्रस्ट की ओर से कृष्णा नगर कॉलोनी में काशीनाथ लॉज दुर्गा नगर में नव कुंडीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ शाम 4 बजे से।
- बरेली ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप का सेक्रेड हार्ट पब्लिक स्कूल में आयोजन।
- फैकल्टी आफ पैरामेडिकल साइंस रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज की ओर से विश्व रेडियोलॉजी दिवस पर बीआईयू गेस्ट हाउस में कार्यक्रम सुबह 10 बजे।
- पंडित दीनदयाल सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता के ट्रायल स्पोर्ट्स स्टेडियम में शाम 4 बजे।
- अरमान पंजा लीग एवं बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता संजय कम्युनिटी हॉल शाम 4 बजे।
- विंटर एआरसी टेनिस टूर्नामेंट केशलता टेनिस क्रीड़ा स्थल पर सुबह 8 बजे से।

## सिटी ब्रीफ

### बरेली एयरपोर्ट पर वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली एयरपोर्ट पर शुक्रवार को देश भक्ति और एकता को समर्पित वंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन कार्यक्रम किया। एयरपोर्ट निदेशक अवधेश अग्रवाल के नेतृत्व में कार्मिकों और सुरक्षाकर्मियों ने एक साथ वंदे मातरम् का गायन कर राष्ट्र प्रेम की भावना को अभिव्यक्त किया। इसके बाद विमानपत्तन निदेशक कार्यालय में उपस्थित होकर सभी कार्मिकों ने प्रधानमंत्री के भाषण देखा।

### जीवनम् सर्वदा संस्था ने किया पौधरोपण

**बरेली, अमृत विचार :** रानी महालक्ष्मीबाई सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सुर्खा छावनी में जीवनम् सर्वदा संस्था ने कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें फलदार पौधों को लगाया गया। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को पर्यावरण और सीपीआर के बारे में जानकारी दी गई। आयोजन में प्रीती पाल, अंशुल चौहान, कमल किशोर शर्मा, रीतराम, नत्थू लाल आदि लोग रहे।

# मातृभूमि के प्रति प्रेम और सम्मान को दर्शाता है वंदे मातरम्

## राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गांधी उद्यान में सामूहिक गायन कार्यक्रम में बोले केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा

कायालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा की ओर से शुक्रवार सुबह गांधी उद्यान स्थित योगा सदन में सामूहिक गायन का कार्यक्रम उत्साह के साथ किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर की। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् का अर्थ है ''मैं तुम्हारी स्तुति करता हूं मां''। यह गीत भारत की मातृभूमि के प्रति प्रेम और सम्मान को दर्शाता है। इसका अर्थ है कि गीत में भारत मां को पानी और फलों से भरी, ठंडी हवाओं से सुशोभित और फसलों से लदी हुई बताया गया है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने 1870 के दशक में संस्कृत में यह गीत लिखा था। बाद में इसे आनंदमठ उपन्यास में शामिल किया, जिसे 1882 में प्रकाशित किया था। रवींद्रनाथ टैगोर ने गीत के लिए संगीत तैयार किया था। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने सभी को स्वदेशी अपनाने के लिए शपथ दिलवाई। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, महापौर डॉ. उमेश गौतम आदि पदाधिकारियों ने वंदे मातरम् के स्वर से मातृभूमि के प्रति अपनी श्रद्धा और गर्व की भावना व्यक्त की।

गांधी उद्यान में कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा। ● अमृत विचार

कार्यक्रम का संचालन महानगर उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक देवेन्द्र जोशी ने किया। कार्यक्रम में विधायक डॉ. डीसी वर्मा, डॉ. एमपी आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, पूरन लाल लोधी, विष्णु शर्मा, प्रभुदयाल लोधी, तृप्ति गुप्ता, गुलशन आनन्द, रामगोपाल मिश्रा, हरिओम पाराशरी, अजय चौहान, मोहित तिवारी, नरेन्द्र मौर्य, हरिओम कश्यप, शालिनी जौहरी, डॉ. विनोद पागरानी, गरिमा अग्रवाल, रूप किशोर, विशाल मल्होत्रा, अतुल कपूर, विपिन भास्कर भास्कर, संजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**वंदेमातरम् के 150 वर्ष पर हुई लघु प्रतियोगिता :** कालीबाड़ी स्थित श्री विष्णु बाल सदन जूनियर हाईस्कूल में शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर लघु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को वंदेमातरम् कब लिखा गया, कब गाया गया आदि की जानकारी दी गई। प्रबंधक सुधीर कुमार अग्रवाल ने प्रधानाचार्या मंजू खत्री और स्टाफ ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर वंदेमातरम् का गायन किया।

**रुविवि में हुआ सामूहिक वंदे मातरम् गायन:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गायन किया गया। इस दौरान इसके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के विषय में भी बताया गया। कार्यक्रम में कुलसचिव हरीश चंद, सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. ज्योति पाण्डेय, प्रो. जेएन मौर्य, तपन वर्मा, सुधाकर मौर्य, अजय मौर्य आदि मौजूद रहे।

### पुलिस लाइन में वंदे मातरम् की गूंज

**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर पुलिस लाइन का परिसर शुक्रवार सुबह देशभक्ति के रंग में सराबोर रहा। पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों समेत महिला रिक्रूट आरक्षियों ने एक साथ स्वर मिलाकर राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन किया। कार्यक्रम में एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान और सीओ हाईवे शिवम आशुतोष मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों अधिकारियों ने राष्ट्रगीत के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है। वह स्वर जिसने आजादी के संघर्ष के दौरान हर भारतीय के हृदय में जोश और एकता का संचार किया। यह अवसर हमें उस स्वदेशी संकल्प और आत्मनिर्भर भारत के विचार को फिर से याद करने का अवसर देता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और रिक्रूट्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़ा लाइव प्रसारण भी देखा और सुना।

### राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश दिया

**बरेली, अमृत विचार :** आईवीआरआई के केंद्रीय सभागार में शुक्रवार को वंदे मातरम् के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अजीत सिंह यादव ने देशभक्ति की भावना को जागृत करते हुए विद्यार्थियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। डॉ. एसके साहा के दिशा निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. रूपसी तिवारी, डॉ. एसके मेदिरत्ता, डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, डॉ. नारायण दत्ता समेत संस्थान के अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने राष्ट्र प्रेम, एकता की मिशाल की पेश

रुहेलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक और विद्यार्थी। ● अमृत विचार

कायालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके माध्यम से विद्यार्थियों ने राष्ट्र प्रेम, एकता एवं सास्कृतिक मूल्यों की मिशाल पेश की। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्रधानाचार्या डॉ. अनीता पी ने की।

कार्यक्रम का आयोजन व संचालन नर्सिंग ट्यूटर अन्विता स्टेनली ने किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव भाषण को बड़े उत्साह से देखा। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में वंदे मातरम् को देश की एकता और आत्म गौरव का प्रतीक बताया और युवाओं से देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इसके अलावा छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति, गायन से वंदे मातरम् के महत्व को प्रस्तुत किया।

# ईमानदारी, अनुशासन और सेवा भाव की ली शपथ

● केशलता ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल विभाग में नए विद्यार्थियों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** केशलता ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में शुक्रवार को नर्सिंग एवं पैरामेडिकल विभाग के नए छात्र-छात्राओं के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार सदर विदित कुमार, विशिष्ट अतिथि कॉलेज के चेयरमैन डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सचिव डॉ. लता अग्रवाल, डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. प्रज्ञा मिश्रा व डॉ. आरके चितलांगिया ने दीप प्रज्ज्वलन कर की।

स्वागत भाषण डॉ. अरविंद कुमार जांगिड ने दिया। नितिन सहाय ने नर्सिंग शपथ ग्रहण समारोह के महत्व पर परिचयात्मक प्रस्तुति दी। इसके बाद चेयरमैन डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य और नर्सिंग पेशे में समर्पण की भावना के प्रति प्रेरित किया। मुख्य अतिथि विदित कुमार ने विद्यार्थियों को अपने कार्य में ईमानदारी, अनुशासन एवं सेवा भावना बनाए रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान अतिथि को सम्मानित करते डॉ. केशव कुमार अग्रवाल।

नर्सिंग विद्यार्थियों को उप प्रधानाचार्या डॉ. अनीता गॉटलीब ने और पैरामेडिकल के विद्यार्थियों को असिस्टेंट प्रोफेसर सुनील कुमार ने शपथ ग्रहण कराई। कार्यक्रम के अंत में विदित कुमार को सम्मान स्वरूप डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन अनुप्रिया एसलाल व असिस्टेंट प्रोफेसर शालू जॉन ने किया। धन्यवाद ज्ञापन झेलिक सामंता ने दिया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी देवेन्द्र खंडेलवाल, नर्सिंग विभाग की प्राचार्या डॉ. प्रतिबा मनोहरम बी, पैरामेडिकल विभाग के प्राचार्य डॉ. पंकज मिश्रा सहित संकाय सदस्य नीतू देओपा, मानसी पांडे, डॉ. निशा सिंह, दिव्या नायर, हिमांशु पाल, आशीष सिंह, अंकिता माइकल, कमलेश कुमार, शिवानी गुप्ता, तनु गुप्ता, पवन कुमार व मिथुन सागर समेत सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | चर्म रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 10 नवम्बर 2025 से 20 नवम्बर 2025 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों का सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/-में
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पेनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4 – सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गर्वमेन्ट हैल्थ स्कीम
इम्पेनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

### अवनी, अभिनव, काव्या और सक्षम ने जीता गोल्ड मेडल

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ओपन स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के 30 जिलों से 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

एसोसिएशन के सचिव हरीश पाल ने बताया कि यह आयोजन बच्चों की प्रतिभा को मंच देने और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। किड्स कैटेगरी में अवनी यादव, अभिनव प्रताप, काव्या पटेल, सक्षम पटेल ने गोल्ड मेडल, विनायक, अनिरुद्ध पाल, अक्षिता दीक्षित ने सिल्वर मेडल और अयान, देवी प्रसाद गुप्ता, स्वरागिनी सक्सेना ने ब्रांज मेडल प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में राष्ट्रीय स्तर के रेफरी में आनंद कृष्ण यादव, शैलेंद्र खरे, नीरज सिंह, दिव्या बाजपेई, राखी सक्सेना, ईशान रहे।

### एसजीएफआई ने किया एमओयू

**बरेली, अमृत विचार :** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने सॉकर इंटरनेशनल के साथ रणनीतिक साझेदारी के तहत शुक्रवार को फॉर्च्यून पार्क बीवीडी लखनऊ में एमओयू किया।

एसजीएफआई के अध्यक्ष आईएएस दीपक कुमार, प्रबंध निदेशक सॉकर इंटरनेशनल विकास गुप्ता ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौते के तहत अब स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया देशभर में आयोजित होने वाली स्कूली राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सीएसआर के तहत वेक्टर एक्स निर्दिष्ट फुटबॉल, वालीबॉल, हैंडबॉल और बास्केटबॉल में आधिकारिक रूप से बॉल और उपकरण निशुल्क उपलब्ध कराएंगे।

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RISAA IVF
Creating life.... completing families.
अब अधूरे सपने होंगे पूरे
निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर

परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
दिन : प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार
समय : प्रातः 10:00 से 02 बजे तक
उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर
★ लैब टेस्ट भारी छूट पर
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 200/- में
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराहा, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं० 6398018900
पूर्ण एन.ए.बी.एच (NABH) से मान्यता प्राप्त हॉस्पिटल

### उत्तराखंड स्थापना दिवस पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में उत्तराखंड स्थापना दिवस के अवसर पर भारत निर्माण में उत्तराखंड की सांस्कृतिक, सामाजिक और ऐतिहासिक विरासत का योगदान विषय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय परिसर एवं संबद्ध महाविद्यालय से आए हुए प्रतिभागियों ने दिए गए विषय पर अपने विचारों को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में प्रो. सुमित्रा कुकरेती, प्रो. सुबोध धवन, डॉ. रीना पंत, डॉ. रामकेवल रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रगति मिश्रा, द्वितीय सिंह और तृतीय दीपांशु दीप ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के आयोजन में कुलसचिव हरीश चंद, डॉ. ज्योति पाण्डेय, डॉ. हरीश भट्ट का सहयोग रहा।

### मैथोडिस्ट चर्च वीर भट्टी ने 42 वां स्थापना दिवस मनाया

**बरेली, अमृत विचार :** मैथोडिस्ट चर्च वीर भट्टी सुभाषनगर का 42 वां स्थापना दिवस शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। चर्च की सबसे बुजुर्ग महिला एससी लाल ने केक काटकर सभी को शुभकामनाएं दीं। चर्च के पादरी ऐलवा चरन ने प्रार्थना की। चर्च की सेवाओं के लिए स्व. पादरी साइमन हॉज को याद किया गया। गुडविन मसीह ने चर्च के इतिहास के बारे में बताते हुए कहा कि स्व. एसपी दयाल ने अपने प्रयास और कलीसिया के सहयोग से चर्च का निर्माण कराया था। पादरी अजीत पाल और प्रिंसिपल एचबी राम ने अपनी सेवाकाल में चर्च को नार्थ इंडिया में अलग पहचान बनानें में अपना योगदान दिया। सेक्रेटरी विनोद दयाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।